प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

# BETA21

प्रश्न पुस्तिका श्रेणी
Question Booklet Series

# C

समय / Time : **2.00** घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : **100**

C

## निर्देश

1. कृपया अपना अनुक्रमांक, प्रश्न पुस्तिका क्रमांक, पंजीयन सं., परीक्षा केन्द्र कोड, प्रश्न पुस्तिका श्रेणी, परीक्षा तिथि तथा पाली को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत प्रविष्टियाँ भरने पर अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
2. परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की भली-भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक **1** से अन्तिम क्रमांक **100** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार **1** से **16** तक मौजूद हैं । किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक अंतरीक्षक से बदलवा लें । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए । ओवरराइटिंग और एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा तथा **ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक काटा जाएगा** । प्रश्न को अनुत्तरित छोड़ने पर शून्य अंक दिया जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर **काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन** से भरना है ।
6. कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी ।
7. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की अस्पष्टता/त्रुटि हो तो प्रश्न का हिन्दी रूपान्तरण मान्य होगा ।
8. अभ्यर्थी परीक्षा-भवन छोड़ने से पहले यह प्रश्न पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की सभी तीनों प्रतियाँ अलग किये बिना अंतरीक्षक को सौंप दें, अन्यथा अभ्यर्थी उचित दण्ड/वैधानिक कार्रवाई के पात्र होंगे । ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति अंतरीक्षक द्वारा अलग करके उन्हें दे दी जायेगी ।

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your entries i.e. Roll No., Question Booklet No., Registration No., Exam Centre Code, Question Booklet Series, Date of Examination and Shift in OMR Answer Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong entries.
2. At the start of the examination check your Question Booklet and OMR Answer Sheet and ensure that questions from S.No. **1** to last S.No. **100** are printed and pages from S.No. **1** to last S.No. **16** are there in the Question Booklet. In case of any discrepancy the candidate should replace the Question Booklet and OMR Answer Sheet from the invigilator. No objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
3. Answer all questions. All questions carry equal marks.
4. Only one answer is to be given for each question. Overwriting and marking multiple answers will be considered as wrong answers and **1/4 mark will be deducted for each such answer**. Leaving a question unanswered will get zero mark.
5. Each question has four alternative responses marked serially as (A), (B), (C), (D). You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR Answer Sheet using **BLACK/BLUE BALL POINT PEN**.
6. Use of Calculator, Mobile Phone/Bluetooth devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rule.
7. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Version of the question, the Hindi Version will be treated as standard.
8. Before leaving the Examination Hall candidate must handover the Question Booklet and all the three copies of OMR Answer Sheet to the invigilator without separating it, otherwise candidate will be liable for appropriate penal/legal action. Invigilator will handover the candidate's copy of OMR Answer Sheet after separating it.

**इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।/Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

1. बैंक दर का अर्थ है –
(A) देश के केन्द्रीय बैंक द्वारा ली जाने वाली आधिकारिक ब्याज दर
(B) बैंकिंग संस्थाओं के लाभ की दर
(C) साहूकारों द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर
(D) अनुसूचित बैंकों द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर

Bank rate means
(A) Official rate of interest charged by the Central bank of the country
(B) Rate of profit of banking institutions
(C) Interest rate charged by moneylenders
(D) Interest rate charged by scheduled banks

2. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान स्थित है
(A) केरल (B) पश्चिम बंगाल
(C) मध्य प्रदेश (D) असम

The Kaziranga National Park is situated in
(A) Kerala
(B) West Bengal
(C) Madhya Pradesh
(D) Assam

3. निम्नलिखित में से कौन सी हिमालयी नदी तंत्र की नदियाँ हैं ?
I. कावेरी
II. गंगा
III. ब्रह्मपुत्र
IV. गोदावरी
(A) II और IV (B) III और IV
(C) I और II (D) II और III

Which of the following are rivers of the Himalayan river system ?
I. Kaveri
II. Ganga
III. Brahmaputra
IV. Godavari
(A) II and IV (B) III and IV
(C) I and II (D) II and III

4. सौ रुपये का नोट किसके द्वारा हस्ताक्षरित होता है ?
(A) वित्त सचिव
(B) वित्त मंत्री
(C) आर.बी.आई. गवर्नर
(D) भारत के राष्ट्रपति

The One Hundred rupee note bears the signature of :
(A) Finance Secretary
(B) Finance Minister
(C) RBI Governor
(D) President of India

5. यदि आर.बी.आई. नकद कोषानुपात को घटा दे तो साख सर्जन पर क्या असर होगा ?
(A) इनमें से कोई नहीं
(B) बढ़ जायेगी ।
(C) कोई असर नहीं होगा ।
(D) घट जाएगी ।

If RBI reduces the cash reserve ratio, what will happen to the credit creation ?
(A) None of these
(B) It will increase.
(C) There will be no impact.
(D) It will decrease.

6. इनमें से किस प्रकार की अर्थव्यवस्था में संसाधनों पर निजी अधिकार होते हैं और आर्थिक गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य लाभ अर्जित करना होता है ?
(A) वैश्विक (B) मिश्रित
(C) पूँजीवादी (D) समाजवादी

In which of the following type of economies, resources are owned privately and the main objective behind economic activities is profit-making ?
(A) Global (B) Mixed
(C) Capitalist (D) Socialist

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

7. भारत में पंचायती राज व्यवस्था इसके अंतर्गत रखी गई है

(A) इनमें से कोई नहीं

(B) राज्य नीति के निदेशक तत्त्व

(C) मूल अधिकार

(D) मौलिक कर्त्तव्य

Panchayati Raj System in India is laid down under

(A) None of these

(B) Directive Principles of State Policy

(C) Fundamental Rights

(D) Fundamental Duties

8. फेमा (FEMA) का पूर्ण रूप क्या है ?

What is the full form of FEMA ?

(A) Foreign Export Market Agency

(B) Finance and Export Management Association

(C) Funds Exchange Media Agency

(D) Foreign Exchange Management Act

9. भारत के संविधान में 'जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' किसमें शामिल है ?

(A) इनमें से कोई नहीं

(B) संघ सूची में

(C) राज्य सूची में

(D) समवर्ती सूची में

The 'Public Health and Sanitation' is included in Constitution of India in

(A) None of these

(B) Union List

(C) State List

(D) Concurrent List

10. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अल्पसंख्यकों के हित निहित हैं ?

(A) इनमें से कोई नहीं (B) अनुच्छेद 29

(C) अनुच्छेद 21 (D) अनुच्छेद 24

In which Article of Indian Constitution, the interests of minorities are covered ?

(A) None of these (B) Article 29

(C) Article 21 (D) Article 24

11. ठोस चालक में धारा वाहक होते हैं

(A) इनमें से कोई नहीं (B) मुक्त इलेक्ट्रॉन

(C) प्रोटॉन (D) न्यूट्रॉन

Current carriers in solid conductors are

(A) None of these (B) Free Electrons

(C) Protons (D) Neutrons

12. शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है, जो कि संबंधित है :

(A) इनमें से कोई नहीं

(B) अनुच्छेद 29 एवं 30 से

(C) अनुच्छेद 21A से

(D) अनुच्छेद 19 से

Right to Education is a fundamental right, which is related to :

(A) None of these

(B) Articles 29 and 30

(C) Article 21A

(D) Article 19

13. निम्न में से किसने संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव' रखा ?

(A) बी.एन. राव

(B) बी.आर. अम्बेडकर

(C) जवाहरलाल नेहरू

(D) महात्मा गांधी

Who among the following moved the 'Objective Resolution' in the Constituent Assembly ?

(A) B.N. Rao

(B) B.R. Ambedkar

(C) Jawaharlal Nehru

(D) Mahatma Gandhi

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

**14.** 18-कैरेट सोने में खरे सोने का प्रतिशत है

The percentage of pure gold in 18-carat gold is

(A) 100% (B) 80%
(C) 60% (D) 75%

**15.** संतरे में बहुतायत में होता है

(A) इनमें से कोई नहीं (B) विटामिन B
(C) विटामिन C (D) विटामिन A

Orange contains abundance of

(A) None of these (B) Vitamin B
(C) Vitamin C (D) Vitamin A

**16.** $\sqrt{\frac{?}{196}} = \frac{72}{56}$

(A) 212 (B) 324
(C) 18 (D) 14

**17.** प्रकाश वर्ष किसके मापन की इकाई है ?

(A) हवाईजहाज की गति की
(B) एक वर्ष में निर्वात में प्रकाश द्वारा चली गई दूरी की
(C) एक वर्ष में मापी गई रॉकेट की गति की
(D) एक वर्ष में निर्वात में ध्वनि द्वारा चली गई दूरी की

Light year is a unit of measurement of

(A) Speed of Aeroplane
(B) Distance travelled by light in a vacuum during one year
(C) Speed of Rocket measured in a year
(D) Distance travelled by sound in a vacuum during one year

**18.** ब्लीचिंग पावडर का रासायनिक नाम यह भी है –

(A) सोडियम क्लोराइड ($NaCl$)
(B) सोडियम बाइकार्बोनेट ($NaHCO_3$)
(C) कैल्सियम सल्फेट ($CaSO_4$)
(D) कैल्सियम ऑक्सीक्लोराइड ($CaOCl_2$)

The chemical name of Bleaching powder is also

(A) Sodium chloride ($NaCl$)
(B) Sodium bicarbonate ($NaHCO_3$)
(C) Calcium sulphate ($CaSO_4$)
(D) Calcium oxychloride ($CaOCl_2$)

**19.** टी.वी. सेट का मूल्य 30% घटाने पर उसकी बिक्री 20% बढ़ गई । दुकानदार की आय पर उसका क्या प्रभाव पड़ा ?

(A) 16% घटी (B) 16% बढ़ी
(C) 10% बढ़ी (D) 10% घटी

On decreasing the price of T.V. sets by 30%, its sale is increased by 20%. What is the effect on the revenue received by the shopkeeper ?

(A) 16% decrease (B) 16% increase
(C) 10% increase (D) 10% decrease

**20.** चार खिलाड़ियों की औसत उम्र 18.5 वर्ष है । अगर कोच की उम्र भी इसमें शामिल की जाए तो औसत उम्र 20% बढ़ जाती है, तो कोच की उम्र है :

(A) 37 वर्ष (B) 34 वर्ष
(C) 28 वर्ष (D) 31 वर्ष

The average age of four players is 18.5 years. If the age of the coach is also included, the average age increases by 20%. The age of the coach is :

(A) 37 years (B) 34 years
(C) 28 years (D) 31 years

**21.** $\frac{885 \times 885 \times 885 + 115 \times 115 \times 115}{885 \times 885 + 115 \times 115 - 885 \times 115} =$

(A) 1000 (B) 885
(C) 115 (D) 770

**22.** $\frac{\sqrt{5} - \sqrt{3}}{\sqrt{5} + \sqrt{3}}$ इसके बराबर है :

$\frac{\sqrt{5} - \sqrt{3}}{\sqrt{5} + \sqrt{3}}$ is equal to :

(A) 1 (B) $\frac{1}{2}$
(C) $4 + \sqrt{15}$ (D) $4 - \sqrt{15}$

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

23. 'मन को हरने वाला' वाक्य के लिए नीचे दिए गए विकल्प में से एक शब्द चुनिए :
(A) मदमयी (B) मदमस्त
(C) मर्मान्तक (D) मनोहर

24. 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।
(A) कम बोलना
(B) बहुत बोलना
(C) दोहों की रचना करना
(D) थोड़े में बहुत कहना

25. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।
(A) महात्वाकांक्षा (B) महत्त्वाकांक्षा
(C) महत्वकांक्षा (D) माहत्वाकांक्षा

26. 'एकल' का विलोम शब्द है
(A) अकेला (B) उपयुक्त
(C) बहुल (D) पर्याप्त

27. 'दर्प' का पर्यायवाची कौन सा है ?
(A) स्वाभिमान (B) व्यथा
(C) तिरस्कार (D) अहंकार

**Directions :** Read the passage carefully and answer the corresponding questions : **(28-30)**

Nehru's was a many-sided personality. He enjoyed reading and writing books as much as he enjoyed fighting political and social evils or resisting tyranny. In him the scientist and the humanist were held in perfect balance. While he kept looking at social problems from a scientific standpoint, he never forgot that we should nourish the total man. As a scientist, he refused to believe, in a benevolent power interested in men's affairs; but, as a self-proclaimed non-believer, he loved affirming his faith in life and the beauty of nature. Children he adored. Unlike Wordsworth, he did not see them trailing clouds of glory from their recent sojourn in heaven. He saw them as blossoms of promise and renewal, the only hope for mankind.

28. Which of the following statements reflects Pt. Nehru's point of view ?
(A) There is no common ground between Science and Humanism.
(B) Science and Humanism are equally important.
(C) Humanism is more important than Science.
(D) Science is supreme and Humanism is subordinate to it.

29. A *many-sided personality* means
(A) a capable person.
(B) a person having varied interests
(C) a complex personality
(D) a secretive personality

30. Pt. Nehru enjoyed
(A) doing all these and much more.
(B) resisting tyranny.
(C) reading and writing books.
(D) fighting political and social evils.

31. दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द का चयन कीजिए :
पक्षीविज्ञानी : पक्षी :: नृविज्ञानी : ?
(A) पर्यावरण (B) मानव
(C) पौधे (D) पशु
Select the related word from the given alternatives :
Ornithologist : Birds :: Anthropologist : ?
(A) Environment (B) Mankind
(C) Plants (D) Animals

32. Give Synonym for the following :
Famous
(A) Steady (B) Popular
(C) Awful (D) Poor

33. Give Antonym for the following :
Transparent
(A) Clear (B) Opaque
(C) Obvious (D) Limpid

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

**34.** रीता की ओर इशारा करते हुए निखिल ने कहा, "मैं उनकी माँ के पुत्र का इकलौता पुत्र हूँ ।" रीता, निखिल से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) चचेरी बहन (B) माँ

(C) बूआ (D) भतीजी

Pointing towards Rita, Nikhil said, "I am the only son of her mother's son." How is Rita related to Nikhil ?

(A) Cousin (B) Mother

(C) Aunt (D) Niece

**35.** यदि किसी वर्ष में 25 अगस्त को गुरुवार है, तो उसी महीने में सोमवार की संख्या है

If the 25$^{th}$ of August in a year is Thursday, the number of Mondays in that month is

(A) 6 (B) 5

(C) 3 (D) 4

**36.** उस शब्द का चयन कीजिए जो समूह के बाकी शब्दों से मेल नहीं रखता ।

(A) पनीर (B) तेल

(C) दही (D) मक्खन

Choose the word which is least like the other words in the group.

(A) Cheese (B) Oil

(C) Curd (D) Butter

**37.** किसी निश्चित कूट में PRODUCTIONS को QQPCVEUHPMT लिखा जाता है । इसी कूट में ORIENTATION किस प्रकार लिखा जाएगा ?

In a certain code, PRODUCTIONS is written as QQPCVEUHPMT. How is ORIENTATION written in that code ?

(A) NSHFMVBSJNO

(B) PSJFOVBSJNO

(C) PQJDOVBSJNO

(D) PQJDOUBUJPO

**38.** **बोल्ड** (BOLD – Bamboo Oasis on Lands in Drought) परियोजना हाल ही में भारत के किस राज्य में शुरू की गई ?

(A) मध्य प्रदेश (B) बिहार

(C) राजस्थान (D) हरियाणा

The Project BOLD (Bamboo Oasis on Lands in Drought) was recently launched from which state in India ?

(A) Madhya Pradesh

(B) Bihar

(C) Rajasthan

(D) Haryana

**39.** संयुक्त राष्ट्र की कोवैक्स (COVAX) योजना के अंतर्गत कोविड-19 की मुफ्त वैक्सीन पाने वाला पहला देश कौन सा है ?

(A) सूडान (B) अफ्रीका

(C) घाना (D) नाइजीरिया

Which is first country to get free COVID-19 vaccines through the COVAX scheme of United Nations ?

(A) Sudan (B) Africa

(C) Ghana (D) Nigeria

**40.** निम्न में से किस शहर में लाइट हाउस परियोजना का क्रियान्वयन नहीं हुआ है ?

(A) पटना (B) चेन्नई

(C) अगरतला (D) राँची

In which of the following cities Light House Project is not implemented ?

(A) Patna (B) Chennai

(C) Agartala (D) Ranchi

**41.** कौन सी भारतीय दूरसंचार कंपनी विश्व की पाँचवीं सबसे मजबूत ब्रॉंड है ?

(A) वोडाफोन (B) आइडिया

(C) रिलायन्स-जिओ (D) भारती एयरटेल

Which Indian telecom company is world's fifth strongest brand ?

(A) Vodafone (B) Idea

(C) Reliance-Jio (D) Bharti Airtel

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

**42.** भारत का वह कौन सा प्रथम राज्य है, जहाँ एण्ड–टू–एण्ड ई–कैबिनेट प्रणाली लागू की गयी है ?

(A) हरियाणा (B) गोआ

(C) उत्तर प्रदेश (D) हिमाचल प्रदेश

Which State in India is first state to implement an end to end e-Cabinet System ?

(A) Haryana
(B) Goa
(C) Uttar Pradesh
(D) Himachal Pradesh

**43.** किस भारतीय मंत्रालय द्वारा हाल ही में 2019-2020 के लिए यू.डी.आई.एस.ई.+ (UDISE+) शुरू किया गया ?

(A) गृह मंत्रालय (B) वित्त मंत्रालय

(C) स्वास्थ्य मंत्रालय (D) शिक्षा मंत्रालय

Which Indian ministry recently launched UDISE+ for 2019-2020?

(A) Ministry of Home Affairs
(B) Ministry of Finance
(C) Ministry of Health
(D) Ministry of Education

**44.** अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी अमरीकी महिला अंतरिक्षयात्री कौन हैं ?

(A) कल्पना चावला (B) रितु कारीधाल

(C) सिरीषा बान्दला (D) श्रेया बादला

Who is the second Indian born American woman astronaut to fly to space ?

(A) Kalpana Chawla (B) Ritu Karidhal
(C) Sirisha Bandla (D) Shreya Badla

**45.** उस भारतीय पहलवान का नाम क्या है, जिस पर हाल ही में डोपिंग के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया गया ?

(A) पवन कुमार (B) रविन्दर सिंह

(C) योगेश्वर दत्त (D) सुमित मलिक

Name the Indian wrestler, who gets two-year ban for doping recently.

(A) Pawan Kumar
(B) Ravinder Singh
(C) Yogeshwar Dutt
(D) Sumit Malik

**46.** कितने भारतीय राज्य नेपाल से सीमा साझा करते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) पाँच (D) चार

How many Indian States share their boundary with Nepal ?

(A) Two (B) Three
(C) Five (D) Four

**47.** निम्न में से कोस्टा रिका की राजधानी कौन सी है ?

(A) ढाका (B) दिल्ली

(C) बीजिंग (D) सान जोस

Which of the following is the capital of Costa Rica ?

(A) Dhaka (B) Delhi
(C) Beijing (D) San Jose

**48.** स्मार्टफोन निर्माता 'वीवो' ने किस क्रिकेट खिलाड़ी को अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया ?

(A) शिखर धवन (B) ईशांत शर्मा

(C) विराट कोहली (D) एम.एस. धोनी

Smartphone maker 'Vivo' appointed which cricketer as its brand ambassador?

(A) Shikhar Dhawan
(B) Ishant Sharma
(C) Virat Kohli
(D) M.S. Dhoni

**49.** आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित पोर्टल "SUPACE" भारत में किस न्यायालय के लिए शुरू किया गया ?

(A) इनमें से कोई नहीं

(B) सर्वोच्च न्यायालय

(C) दिल्ली उच्च न्यायालय

(D) गुजरात उच्च न्यायालय

Artificial Intelligence (AI) based portal 'SUPACE' launched for which court in India ?

(A) None of these
(B) Supreme Court
(C) Delhi High Court
(D) Gujarat High Court

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

50. ‘हिन्दी दिवस’ कब मनाया जाता है ?

(A) अक्टूबर 3 (B) नवंबर 2

(C) सितम्बर 14 (D) अक्टूबर 1

When is ‘Hindi Diwas’ celebrated ?

(A) October 3 (B) November 2

(C) September 14 (D) October 1

51. इनमें से कौन सा देश सार्क (SAARC) का सदस्य नहीं है ?

(A) म्यांमार (B) अफगानिस्तान

(C) नेपाल (D) बांग्लादेश

Which of the following countries is not a member of SAARC ?

(A) Myanmar (B) Afghanistan

(C) Nepal (D) Bangladesh

52. केन्द्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप की आधिकारिक भाषा निम्न में से क्या है ?

(A) सिंहला (B) ग्रेट अंडमानी

(C) तमिल (D) मलयालम

Which among the following is the official language of Union Territory of Lakshadweep ?

(A) Sinhala

(B) Great Andamanese

(C) Tamil

(D) Malayalam

53. भारत के संविधान के अनुसार लोक सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या क्या है ?

As per Constitution of India, what is the maximum strength (number of members) of the Lok Sabha ?

(A) 552 (B) 550

(C) 530 (D) 540

54. निम्नलिखित में से कौन सा ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक है ?

(A) बुध (B) मंगल

(C) पृथ्वी (D) चंद्रमा

Which of the following planets is closest to the Sun ?

(A) Mercury (B) Mars

(C) Earth (D) Moon

55. नोबेल पुरस्कार जीतने वाले प्रथम एशियाई कौन थे ?

(A) मदर टेरेसा (B) रबीन्द्रनाथ टैगोर

(C) सी.वी. रमन (D) राजीव गांधी

Who was the first Asian Winner of Nobel Prize ?

(A) Mother Teresa

(B) Rabindranath Tagore

(C) C.V. Raman

(D) Rajiv Gandhi

56. निम्न में से किस स्थान पर अजंता-एलोरा की गुफाएँ स्थित हैं ?

(A) लखनऊ (B) औरंगाबाद

(C) बेंगलुरु (D) दिल्ली

In which of the following places Ajanta-Ellora caves are situated ?

(A) Lucknow (B) Aurangabad

(C) Bengaluru (D) Delhi

57. ओणम किस भारतीय राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का सांस्कृतिक उत्सव है ?

(A) कर्नाटक (B) तमिलनाडु

(C) असम (D) केरल

Onam is the cultural festival of which Indian State/ UT ?

(A) Karnataka (B) Tamil Nadu

(C) Assam (D) Kerala

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों **(58-62)** के उत्तर चुनिए :

धरातल से युद्ध की विभीषिकाओं को सदा-सदा के लिए समाप्त करने के लिए गाँधीजी ने विश्व को अहिंसा रूपी अस्त्र प्रदान किया । गाँधीजी कहा करते थे कि प्रेम और अहिंसा के द्वारा विश्व के कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाया जा सकता है । उन्होंने इन सिद्धान्तों का परीक्षण भी किया और वे 'नितान्त' सफल सिद्ध हुए । हिंसा से हिंसा बढ़ती है, 'घृणा', घृणा को जन्म देती है और प्रेम से प्रेम की अभिवृद्धि होती है । अतः यह निश्चित है कि बिना प्रेम और अहिंसा के विश्व में शान्ति स्थापित नहीं हो सकती । शान्ति के अभाव में मानव जाति का विकास सम्भव नहीं । प्रत्येक राष्ट्र का स्वर्णिम-युग वही कहा जाता है, जबकि वहाँ पूर्ण शांति और सुख रहा हो तथा उत्तमोत्तम रचनात्मक कार्य किए जाते हों । भौतिक दृष्टि से व्यापार और कृषि की उन्नति भी शांतिकाल में ही सम्भव होती है, अतः हम यदि विश्व का कल्याण चाहते हैं तो हमें युद्ध का बहिष्कार करना ही होगा । अहिंसा और प्रेम की भावना से विश्व में शान्ति स्थापित करनी होगी, तभी विश्व में सुखमय एवं शांतिमय राज्य की स्थापना सम्भव होगी ।

**58.** कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाया जा सकता है

(A) भय द्वारा

(B) अहिंसा द्वारा

(C) सत्य पालन द्वारा

(D) मौन पालन द्वारा

**59.** किसी भी राष्ट्र के स्वर्णिम-युग के प्रमुख तत्त्व हैं

(A) शान्ति, सुख और रचनात्मक कार्य

(B) आध्यात्म और उपासना

(C) धन और वैभव

(D) धन और सम्मान

**60.** 'नितान्त' शब्द का उपयुक्त पर्याय है

(A) निम्न

(B) विधिवत्

(C) भलीभाँति

(D) बिलकुल

**61.** विश्व में शांति क्यों आवश्यक है ?

(A) कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाने के लिए

(B) व्यापार और कृषि की उन्नति के लिए

(C) मानव जाति के विकास के लिए

(D) उत्तमोत्तम रचनात्मक कार्य के लिए

**62.** विश्व शांति की स्थापना के लिए सबसे आवश्यक है

(A) परिश्रम और ज्ञान

(B) आत्मीयता और समीपता

(C) हिंसा और भय

(D) अहिंसा और प्रेम

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों **(63-67)** के उत्तर चुनिए :

विज्ञान आज के मानव-जीवन का अविभाज्य एवं घनिष्ठ अंग बन गया है । मानव-जीवन का कोई भी क्षेत्र विज्ञान के अश्रुतपूर्व आविष्कारों से अछूता नहीं रहा । इसी से आधुनिक युग विज्ञान का युग कहलाता है । आज विज्ञान ने पुरुष और नारी, साहित्यकार और राजनीतिज्ञ, उद्योगपति और कृषक, पूँजीपति और श्रमिक, चिकित्सक और सैनिक, अभियन्ता और शिक्षक तथा धर्मज्ञ और तत्त्वज्ञ सभी को और सभी क्षेत्रों में किसी न किसी रूप में अपने अप्रतिम प्रदेय से अनुगृहीत किया है । आज समूचा परिवेश विज्ञानमय हो गया है । विज्ञान के चरण गृहिणी के रसोईघर से लेकर बड़ी-बड़ी प्राचीरों वाले भवनों और अट्टालिकाओं में ही दृष्टिगत नहीं होते, प्रत्युत वे स्थल और जल की सीमाओं को लाँघकर अन्तरिक्ष में भी गतिशील हैं । वस्तुतः विज्ञान अद्यतन मानव की सबसे बड़ी शक्ति बन गया है । इसके बल से मनुष्य प्रकृति और प्राणिजगत का शिरोमणि बन सका है । विज्ञान के अनुग्रह से वह सभी प्रकार की सुविधाओं और सम्पदाओं का स्वामित्व प्राप्त कर चुका है । अब वह ऋत-ऋतुओं के प्रकोप से भयाक्रांत एवं संत्रस्त नहीं है । विद्युत ने उसे आलोकित किया है, उष्णता और शीतलता दी है, बटन दबाकर किसी भी कार्य को सम्पन्न करने की ताकत भी दी है । मनोरंजन के विविध साधन उसे सुलभ हैं । यातायात एवं संचार के साधनों के विकास से समय और स्थान की दूरियाँ बहुत कम हो गई हैं और समूचा विश्व एक परिवार-सा लगने लगा है । कृषि और उद्योग के क्षेत्र में उत्पादन की तीव्र वृद्धि होने के कारण आज दुनिया पहले से अधिक धन-धान्य से सम्पन्न है । शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में विज्ञान की देन अभिनन्दनीय है । विज्ञान के सहयोग से मनुष्य धरती और समुद्र के अनेक रहस्य हस्तामलक करके अब अन्तरिक्ष लोक में प्रवेश कर चुका है । सर्वोपरि, विज्ञान ने मनुष्य को बौद्धिक विकास प्रदान किया है और वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति दी है । वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति से मनुष्य अन्धविश्वासों और रूढ़ि-परम्पराओं से मुक्त होकर स्वस्थ एवं संतुलित ढंग से सोच-विचार कर सकता है और यथार्थ एवं सम्यक जीवन जी सकता है । इससे मनुष्य के मन को युगों के अन्धविश्वासों, भ्रमपूर्ण और दकियानूसी विचारों, भय और अज्ञानता से मुक्ति मिली है । विज्ञान की यह देन स्तुत्य है । मानव को चाहिए कि वह विज्ञान की इस समग्र देन को रचनात्मक कार्यों में सुनियोजित करे ।

**63.** विश्व के परिवारवत् लगने का प्रमुख कारण है

(A) विश्व-बन्धुत्व की भावना का विकास

(B) विज्ञान की जीवन से घनिष्ठता

(C) यातायात एवं संचार साधनों का विकास

(D) विज्ञान की गतिशील शक्तियाँ

**64.** 'हस्तामलक' शब्द से अभिप्रेत है

(A) स्पष्ट और अनायास बोधगम्य

(B) हाथी के लिए आँवले की तरह

(C) अस्पष्ट परन्तु सायास बोधगम्य

(D) पास में रखे आँवले की तरह

**65.** 'वैज्ञानिक-चिन्तन' पदबंध से आशय है

(A) स्वस्थ एवं सन्तुलित चिन्तन

(B) वैज्ञानिकों द्वारा किया गया चिन्तन

(C) परम्परागत चिन्तन

(D) भावात्मक चिन्तन

**66.** विज्ञान मानव की सबसे बड़ी शक्ति इसलिए कही गई है क्योंकि इसके बल से मनुष्य

(A) अन्तरिक्ष के क्षेत्र में हस्तक्षेप कर सकता है ।

(B) सभी भौतिक सुविधाओं से सम्पन्न है ।

(C) विद्युत शक्ति का स्वामी है ।

(D) प्रकृति और प्राणिजगत का सिरमौर है ।

**67.** वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति ने मनुष्य का सबसे बड़ा उपकार यह किया है कि उसे मुक्ति मिली है

(A) प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं से

(B) भ्रमपूर्ण रूढ़िवादी विचारणा से

(C) सन्तुलित अनुचिन्तन से

(D) पुरानी शिष्ट औपचारिकताओं से


WWW.SARKARIJOBTREND.COM

निर्देश (68-72) : प्रश्न दिए गए ग्राफ पर आधारित हैं । इन प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Directions (68-72) :** The questions are based on the below shown graph. Answer these questions.

ग्राफ में एक परीक्षा में 7 छात्रों के इतिहास और भूगोल के अंकों का अनुपात दर्शाया गया है ।

The graph shows the ratio of marks of History to Geography of 7 students in an examination.




**68.** भूगोल में छात्र 3 से 4 के मध्य अंक की प्रतिशत बढ़त है –

Percentage increase of marks in Geography from student 3 to 4 is –

(A) आँकड़े अपर्याप्त/Insufficient data
(B) 90
(C) 15
(D) 20

**69.** इतिहास/भूगोल के अधिकतम अनुपात और न्यूनतम अनुपात का अंतर है

The difference of the maximum ratio and minimum ratio of History/Geography is

(A) 1.20 (B) 0.90
(C) 0.45 (D) 0.50

**70.** छात्र 4 को भूगोल में 60 अंक मिले । उसके इतिहास में अंक हैं

Student 4 got 60 marks in Geography. His marks in History are –

(A) इनमें से कोई नहीं/ None of these
(B) 75
(C) 48
(D) 68

**71.** कितने छात्रों ने भूगोल की अपेक्षा इतिहास में ज्यादा अंक अर्जित किए ?

How many students got more marks in History than in Geography ?

(A) 5 (B) 4
(C) 2 (D) 3


**72.** निम्न में से किन छात्रों को भूगोल की अपेक्षा इतिहास में कम अंक मिले ?

Which of the following students got less marks in History than in Geography ?

(A) 4, 5, 7 (B) 1, 4, 5, 7
(C) 1, 3, 5, 6 (D) 1, 2, 3, 6

निर्देश (73-77) : ग्राफ का अध्ययन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देवें :

**Directions (73-77) :** Study the graph and answer the following questions :




**73.** आठ वर्षों के दौरान औसत उत्पादन था

The average production during the eight years was ________.

(A) 52.8 MT (B) 50.0 MT
(C) 67.2 MT (D) 62.5 MT

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

**74.** उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में अधिकतम प्रतिशत घटत किस वर्ष रही ?

The maximum percentage decrease of production over the previous year was in the year :

(A) 2014-15 (B) 2013-14

(C) 2018-19 (D) 2017-18

**75.** 2014-15 में कच्चे ऊन का उत्पादन 2019-20 के उत्पादन का _______ था ।

The production of raw wool in 2014-15 was _______ of the production in 2019-20.

(A) $\frac{3}{4}$ (B) $\frac{1}{2}$

(C) $\frac{1}{3}$ (D) $\frac{2}{3}$

**76.** कच्चे ऊन के उत्पादन में उच्चतम वृद्धि का वर्ष था :

The maximum rise in the production of raw wool was in the year :

(A) 2019-20 (B) 2016-17

(C) 2017-18 (D) 2020-21

**77.** पहले चार वर्षों के उत्पादन की तुलना में अन्तिम चार वर्षों में कच्चे ऊन का उत्पादन _______ % बढ़ गया ।

During the last four years the production of raw wool increased by _______ % on the production of the first four years.

(A) 25.0 (B) 19.8

(C) 26.8 (D) 22.2

**निर्देश (78-82) :** दी गई तालिका के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**Directions (78-82) :** Read the following table and answer the questions given below it.

**पाँच सेल्समैन द्वारा अर्जित वार्षिक कमीशन**

**Yearly Commission Earned by Five Salesmen**

| वर्ष (Year) / सेल्समैन (Salesman) | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 27,350 | 28,500 | 25,200 | 29,800 | 24,600 | 27,000 |
| B | 26,850 | 27,900 | 27,400 | 28,000 | 28,500 | 29,000 |
| C | 26,200 | 27,800 | 28,200 | 29,100 | 29,400 | 30,000 |
| D | 27,850 | 30,040 | 29,800 | 30,060 | 29,800 | 32,000 |
| E | 28,640 | 29,000 | 28,750 | 30,000 | 29,750 | 29,700 |
| योग (Total) | 1,36,890 | 1,43,240 | 1,39,350 | 1,46,960 | 1,42,050 | 1,47,700 |

**78.** किस सेल्समैन का 2018 में कमीशन, 2015 की तुलना में उच्चतम वृद्धि दर्शाता है ?

Which salesman's commission in 2018 show the highest increase over that in 2015 ?

(A) C (B) D

(C) A (D) B

**79.** निम्न में से किस वर्ष में किसी भी सेल्समैन द्वारा अर्जित उच्चतम और न्यूनतम कमीशन का अंतर अधिकतम है ?

In which of the following year was the difference between the highest and lowest commission earned by any salesman maximum ?

(A) 2020 (B) 2019

(C) 2017 (D) 2018

**80.** वर्ष 2019 में सेल्समैन D द्वारा अर्जित कमीशन A द्वारा अर्जित कमीशन का लगभग कितना प्रतिशत है ?

In the year 2019, commission earned by salesman D was approximately what percent of commission earned by A ?

(A) इनमें से कोई नहीं/None of these

(B) 52

(C) 18

(D) 21

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

**81.** किस वर्ष में सेल्समैन C द्वारा अर्जित कमीशन पिछले वर्ष की तुलना में अधिकतम वृद्धि दर्शाता है ?

In which year commission earned by the salesman C showed the highest increase that of the preceding year ?

(A) 2019 (B) 2018

(C) 2016 (D) 2017

**82.** वर्ष 2018 में B का कमीशन पाँचों सेल्समैनों के उसी वर्ष के कुल कमीशन का लगभग कितना प्रतिशत था ?

In the year 2018 the commission of B was approximately what percent of the total commission earned by all salesmen in that year ?

(A) इनमें से कोई नहीं/None of these

(B) 80

(C) 19.05

(D) 98

**निर्देश (83-87) :** दी गई तालिका/सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दें :

**Directions (83-87) :** Study the table and answer the questions given below :

**विभिन्न महीनों में चार शेयर ब्रोकर में खुले खातों की संख्या (सैकड़ों में)**

**Number of accounts opened (in hundreds) in four Share broker in various months**

| शेयर ब्रोकर/ **Share Broker** | मई/ **May** | जून/ **June** | जुलाई/ **July** | अगस्त/ **Aug.** | सितम्बर/ **Sept.** |
|---|---|---|---|---|---|
| एंजल/ Angel | 25 | 28 | 35 | 65 | 55 |
| शेरखान/ Sharekhan | 22 | 18 | 32 | 30 | 45 |
| ज़ेरोधा/ Zerodha | 30 | 45 | 50 | 35 | 40 |
| ट्रेडबुल/ Tradebull | 35 | 42 | 45 | 50 | 60 |

**83.** मई से सितम्बर तक एंजल में खुले खातों की संख्या से ज़ेरोधा में खुले खातों की संख्या का अनुपात क्या है ?

What is the ratio of the number of accounts opened in Angel to that opened in Zerodha from May to September ?

(A) 1.04 (B) 2.25

(C) 1.5 (D) 0.75

**84.** किस शेयर ब्रोकर में खुले खातों की औसत संख्या महत्तम है ?

(A) ज़ेरोधा (B) ट्रेडबुल

(C) एंजल (D) शेरखान

In which Share broker is the average number of accounts opened the maximum ?

(A) Zerodha (B) Tradebull

(C) Angel (D) Sharekhan

**85.** ट्रेडबुल में खुले खातों की संख्या का औसत शेरखान में खुले खातों की संख्या के औसत का लगभग कितना प्रतिशत कम या ज्यादा था ?

The average number of accounts opened in Tradebull is approximate what per cent more or less than the average number of accounts opened in Sharekhan ?

(A) 50.69 (B) 45.90

(C) 57.82 (D) 60

**86.** निम्नलिखित में से किस महीने में खुले खातों की संख्या की औसत महत्तम है ?

(A) मई (B) अगस्त

(C) जून (D) सितम्बर

In which of the following months is the average of the number of opened accounts the maximum ?

(A) May (B) August

(C) June (D) September

**87.** अगस्त में खुले खातों की संख्या जून में खुले खातों की संख्या से लगभग कितने प्रतिशत कम या ज्यादा थी ?

The number of accounts opened in Aug. is approximately what per cent more or less than the number of accounts opened in June ?

(A) 40 (B) 34.6

(C) 33.5 (D) 35.3

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

**88.** बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे ?

(A) लॉर्ड रिपन (B) लॉर्ड लिटन

(C) लॉर्ड क्लाइव (D) लॉर्ड वारेन हेस्टिंग्स

Who was the first Governor-General of Bengal ?

(A) Lord Ripon
(B) Lord Lytton
(C) Lord Clive
(D) Lord Warren Hastings

**89.** चरकसंहिता संबंधित है

(A) गणित (B) वास्तुकला

(C) राजनीति (D) चिकित्सा

Charakasamhita is a work on

(A) Mathematics (B) Architecture
(C) Polity (D) Medicine

**90.** भारत में शासन करने वाले दिए गए शासकों का कालक्रमानुसार सही क्रम क्या है ?

I. शेरशाह सूरी

II. अकबर

III. अलाउद्दीन खिलजी

IV. इल्तुतमिश

What is the correct chronological order in which the following rulers ruled in India ?

I. Sher Shah Suri
II. Akbar
III. Ala-ud-din Khilji
IV. Iltutmish

(A) III, IV, I, II (B) I, II, III, IV
(C) IV, I, III, II (D) IV, III, I, II

**91.** निम्न में से कौन से संत शिवाजी के समकालीन थे ?

(A) शंकराचार्य (B) नामदेव

(C) तुकाराम (D) चैतन्य

Which one of the following saints was contemporary of Shivaji ?

(A) Shankaracharya
(B) Namdev
(C) Tukaram
(D) Chaitanya

**92.** सन् 1915-16 में किसके नेतृत्व में दो होम रूल लीग शुरू हुई ?

(A) तिलक और अरबिन्द घोष

(B) तिलक और बिपिनचन्द्र पाल

(C) एनी बेसेन्ट और लोकमान्य तिलक

(D) तिलक और लाला लाजपत राय

Two Home Rule Leagues were started in 1915-16 under the leadership of

(A) Tilak and Aurobindo Ghosh
(B) Tilak and Bipin Chandra Pal
(C) Annie Besant and Lokmanya Tilak
(D) Tilak and Lala Lajpat Roy

**93.** निम्न में से कौन सा जोड़ा सही नहीं है ?

(A) A.D. 1709 – औरंगज़ेब की मृत्यु

(B) A.D. 622 – मुस्लिम युग की शुरुआत

(C) B.C. 261 – कलिंग युद्ध

(D) A.D. 78 – शक संवत् की शुरुआत

Which one of the following pairs is incorrectly matched ?

(A) A.D. 1709 – Death of Aurangzeb
(B) A.D. 622 – Commencement of the Muslim Era
(C) B.C. 261 – The Kalinga War
(D) A.D. 78 – Commencement of Saka Era

**94.** इनमें से किसे भारत के "ग्राण्ड ओल्ड मैन" के नाम से जाना जाता है ?

(A) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी (B) फ़िरोजशाह मेहता

(C) दादाभाई नौरोजी (D) डब्ल्यू. सी. बैनर्जी

Who among the following is known as the "Grand Old Man" of India ?

(A) Surendranath Bannerjee
(B) Pherozeshah Mehta
(C) Dadabhai Naoroji
(D) W.C. Bannerjee

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

**95.** निम्न का मिलान करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | ब्रह्म समाज | 1. | स्वामी विवेकानन्द |
| b. | रामकृष्ण मिशन | 2. | दयानन्द सरस्वती |
| c. | आर्य समाज | 3. | राम मोहन राय |
| d. | सत्यशोधक समाज | 4. | के. श्रीधरालू नायडू |
| | | 5. | ज्योतिराव फूले |

Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | Brahmo Samaj | 1. | Swami Vivekanand |
| b. | Ramakrishna Mission | 2. | Dayanand Saraswati |
| c. | Arya Samaj | 3. | Ram Mohan Roy |
| d. | Satyashodhak Samaj | 4. | K. Sridharalu Naidu |
| | | 5. | Jyotirao Phule |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 5 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 5 |
| (C) | 2 | 3 | 5 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**96.** 'करो या मरो' का नारा किसने दिया ?

(A) महात्मा गांधी
(B) सुभाषचंद्र बोस
(C) सरदार पटेल
(D) जवाहरलाल नेहरू

Who gave the slogan 'Do or Die' ?

(A) Mahatma Gandhi
(B) Subhash Chandra Bose
(C) Sardar Patel
(D) Jawaharlal Nehru

**97.** वसंत विषुव होता है –

(A) 22 दिसम्बर को (B) 23 सितम्बर को
(C) 21 मार्च को (D) 18 जून को

Vernal Equinox takes place on

(A) 22nd December
(B) 23rd September
(C) 21st March
(D) 18th June

**98.** राजस्थान में 'खेतड़ी परियोजना' किसके उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) एल्युमिनियम (B) ताँबा
(C) जस्ता (D) इस्पात

The 'Khetri Project' in Rajasthan is famous for the production of

(A) Aluminium (B) Copper
(C) Zinc (D) Steel

**99.** जब सुभाषचन्द्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया तो इस पद का प्रस्ताव किसे दिया गया ?

(A) जे.बी. कृपलानी
(B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) पट्टाभि सीतारमैया

When Subhash Chandra Bose resigned from the Presidentship of Indian National Congress, the seat was offered to

(A) J.B. Kripalani
(B) Dr. Rajendra Prasad
(C) Jawaharlal Nehru
(D) Pattabhi Sitaramaiah

**100.** सलाल पन-बिजली परियोजना किस नदी पर स्थित है ?

(A) ब्यास (B) चिनाब
(C) झेलम (D) रावी

The Salal hydro-electric project is located across the river

(A) Beas (B) Chenab
(C) Jhelum (D) Ravi

WWW.SARKARIJOBTREND.COM

कच्चे काम के लिये जगह / SPACE FOR ROUGH WORK

WWW.SARKARIJOBTREND.COM